# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026


## भावपूर्ण श्रद्धांजलि



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परिवार के श्रद्धेय

# श्री शशिकांत जमनादास मिराणी

( जन्म - 27/07/1956 )

अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके **दिनांक - 16 मार्च 2026, दिन - सोमवार**
को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति हेतु

## प्रार्थना सभा

**दिनांक - 19 मार्च 2026, दिन - गुरूवार**

**समय- शाम 4:30 बजे से 6.00 बजे तक**

**स्थान - जैनम मानस भवन, A-ब्लॉक, एयरपोर्ट के सामने, रायपुर (छ.ग.)**

में रखी गई है, आपकी उपस्थिति से हमें संबल मिलेगा।

### शोकाकुल

ग. स्व. हंसा बेन मिराणी (पत्नी)
तुषार–प्रगति बेन मिराणी (पुत्र–पुत्रवधू)
ग. स्व. ज्योत्सना बेन रमेश भाई मिराणी (भाभी)
किशन–प्रफुल्ला बेन मिराणी (भाई–भाभी)
जयेश–उर्वशी बेन मिराणी (भतीजा–बहू)
दीपेश रमेश भाई मिराणी (भतीजा)
चिराग–दीप्ती बेन मिराणी (भतीजा–बहू)
देवांश, यक्ष, इवान, माही, कायषा (पौत्र-पौत्री)

भावेश-मनीषा बेन कारिया, नागपुर (दामाद–पुत्री)
आरती विशाल वजानी, नागपुर (पुत्री)
चिराग–उन्नति दावड़ा, राजकोट (दामाद–पुत्री)
विराज, खुश, जानवी, व्याना (नाती-नातिन)
समस्त मिराणी, वजानी, दावड़ा एवं कारिया परिवार

MIRANI'S

किशन मिराणी - 9826133666
तुषार मिराणी - 9105515151
चिराग मिराणी - 9826125111

मिराणी ग्लोबल (रायपुर) · मिराणी फ्रेग्रन्स (रायपुर) · मिराणी इंफ्रा डेवलपर्स (रायपुर) · मिराणी फार्म्स (रायपुर) · मिराणी वेयरहाउस (मुंबई) · मिराणी ग्लोबल फाइनेंस (मुंबई)

# चुनाव से पहले असम में बड़ा खेला, इस्तीफा के बाद भाजपा में शामिल हुए कांग्रेसी सांसद बोरदोलोई

## असम में 126 सीटों वाली विधानसभा के लिए 9 अप्रैल को होगा मतदान

एजेंसी ▶▶ गुवाहटी

असम की राजनीति में चुनाव से पहले बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मंगलवार को कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने एक दिन बाद यानी आज बुधवार को राज्य की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। उन्हें राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के आमंत्रण पर पार्टी में शामिल कराया गया है। बोरदोलोई के भाजपा में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि राज्य इकाई केंद्रीय नेतृत्व से सिफारिश करेगी कि बोरदोलोई को आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया जाए। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आत्मसम्मान रखने वाला कोई भी व्यक्ति वहां नहीं रह सकता। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि भाजपा आगे भी कांग्रेस के नेताओं को अपने साथ जोड़ने का प्रयास करेगी। उन्होंने दूसरा बड़ा संकेत देते हुए कहा, 'स्वाभिमान वाले किसी भी व्यक्ति के लिए कांग्रेस पार्टी में बने रहने का कोई कारण नहीं है। हमारा लक्ष्य और भी कांग्रेस नेताओं को पार्टी में लाना है।'



### इस्तीफे के पीछे अंदरूनी कलह

असम में विधानसभा चुनाव से महज 20 दिन पहले कांग्रेस को झटका देते हुए लोकसभा सदस्य प्रद्युत बोरदोलोई ने मंगलवार की रात पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। अपने इस्तीफे में बोरदोलोई ने पार्टी के भीतर आंतरिक समस्याओं और उपेक्षा का जिक्र किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे इस फैसले से खुश नहीं थे, लेकिन पार्टी के भीतर बार-बार अपमान और समर्थन की कमी के कारण उन्हें यह कदम उठाना पड़ा।

### इस्तीफे की दी थी धमकी

बोरदोलोई ने हाल में असम के प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह को पत्र लिखकर कहा था कि यदि लाहौरीघाट के मौजूदा विधायक आसिफ मोहम्मद नजर को विधानसभा चुनाव के लिए दोबारा उम्मीदवार बनाया गया, तो वह पार्टी से इस्तीफा दे सकते हैं। सांसद ने पत्र में आरोप लगाया कि नजर के करीबी सहयोगी इमदादुल इस्लाम अप्रैल 2025 में बोरदोलोई और अन्य पार्टी नेताओं पर हुए हमले में शामिल थे और इस मामले में पुलिस ने उनके खिलाफ आरोपपत्र भी दाखिल किया है।



### उनसे बातचीत का मौका नहीं मिला

दूसरी तरफ, कांग्रेस सांसद और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को बोरदोलोई के इस्तीफे को 'बहुत दुर्भाग्यपूर्ण' बताया और कहा कि वह एक सीट पर टिकट को लेकर नाराज थे। प्रियंका ने कहा कि इस्तीफे से पहले उनसे बातचीत का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पार्टी चाहती थी कि इस्तीफ़ा देने से पहले उन्हें बोरदोलोई से बात करने का मौका मिलता। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में इस बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है, मुझे लगता है कि वह एक टिकट आवंटन से नाराज थे, काश हमें इस बारे में बातचीत करने का मौका मिलता। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।'



### यह चुनाव एक व्यक्ति से अधिक अहम

असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है। महज दो साल पहले कांग्रेस पार्टी ने उन्हें नौगांव से लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का अवसर दिया था। वह मौजूदा सांसद हैं। नौगांव की जनता ने उन्हें वोट दिया था। मौजूदा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने उनके परिवार के एक सदस्य को विधानसभा चुनाव लड़ने का मौका दिया है। इस तरह परिवार को एक ही समय में लोकसभा और विधानसभा दोनों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इसके बावजूद उन्होंने ऐसा फैसला लिया। यह उनका निजी फैसला है। यह चुनाव एक व्यक्ति से कहीं अधिक अहम है।

## सीट शेयरिंग फार्मूला, बीजेपी 89 सीटों पर लड़ सकती है चुनाव!

असम विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए का सीट शेयरिंग फार्मूला तय हो गया है। सूत्रों के मुताबिक राज्य की 126 विधानसभा में से बीजेपी सबसे ज्यादा 89 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं एजीपी 26 और बीपीएफ 11 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। असम की सभी सीटों के लिए चुनाव 9 अप्रैल 2026 को होने वाले हैं। प्रद्युत बोरदोलोई असम के दिसपुर से बीजेपी की टिकट पर विधानसभा चुनाव चुनाव लड़ सकते हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया था कि आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी 89 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि उसके सहयोगियों को कुल 37 सीटें दी जाएंगी। बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद असम के सीएम ने कहा कि सीटों के बंटवारे पर बातचीत अंतिम चरण में है और गठबंधन जल्द ही चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देगा।



### पिछले चुनाव का लेखा-जोखा

पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 92 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जबकि एजीपी को 26 और यूनाइटेड पीपल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) को 8 सीटें दी गई थीं। एनडीए की 2021 की जीत खास रही, क्योंकि यह पहली बार था जब किसी गैर-कांग्रेस गठबंधन ने असम में लगातार दूसरी बार सत्ता बरकरार रखी. असम की राजनीति में सीट बंटवारा हमेशा अहम भूमिका निभाता है, खासकर बोडोलैंड जैसे क्षेत्रों में, जहां क्षेत्रीय दलों का खासा प्रभाव है।

### पिछले चुनाव में बीजेपी का प्रदर्शन था बेहतर, अकेले जीती थीं 60 सीटें

सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, 'हम समन्वित तरीके से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि बेहतर प्रदर्शन किया जा सके।' असम विधानसभा में कुल 126 सीटें हैं और राज्य में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। सभी राजनीतिक दल गठबंधन और उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 126 में से 75 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की थी। बीजेपी ने अकेले 60 सीटें जीती थीं, जबकि एजीपी को 9 सीटें मिली थीं।

पश्चिम बंगाल

## क्या ममता के लिए नंदीग्राम बनेगा इस बार भबानीपुर?

पुराने आंकड़ों के चलते भाजपा को उम्मीद



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ममता बनर्जी को भबानीपुर विधानसभा से ही उतरी हैं, जहां से वह 2021 के उपचुनाव में जीती थीं। इससे पहले वह विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट पर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी से हार गई थीं। अब भाजपा ने शुभेंदु अधिकारी को नंदीग्राम के साथ ही भबानीपुर से भी उतार दिया है। ऐसे में देखना होगा कि क्या भबानीपुर भी ममता बनर्जी के लिए 2021 वाला नंदीग्राम साबित होगा? या वह भबानीपुर जीतने के साथ ही चौथी बार सत्ता में फिर वापसी कर पाएंगी। चुनाव का नतीजा 4 मई को आएगा, लेकिन फिलहाल बंगाल की हॉट सीट भबानीपुर बन चुकी है। अब भाजपा की बात करें तो उसने शुभेंदु अधिकारी को यहां से इसलिए उतारा है ताकि एक कदम से कई चीजों को साधा जा सके। पहली बात तो यह कि नंदीग्राम में शुभेंदु के मुकाबले हार झेल चुकीं ममता बनर्जी पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा उन्हें अपनी ही सीट पर ज्यादा समय बिताने के लिए विवश किया जा सकेगा। ममता की सीट पर उनके और भतीजे अभिषेक बनर्जी के अलावा ज्यादा चेहरे नहीं हैं, जिन पर प्रचार के लिए निर्भर रहा जा सके। ऐसी स्थिति में भाजपा चाहेगी कि ममता बनर्जी को ज्यादा से ज्यादा भबानीपुर में रोका जाए।

### बाहरी वोटरों की संख्या 40 फीसदी

भाजपा का भबानीपुर सीट को लेकर नंदीग्राम जैसा प्लान भी माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस सीट पर जो डेमोग्राफी है, उससे उम्मीद है। यहां कि आबादी में 40 फीसदी लोग गैर-बांग्ला हैं। मुख्य तौर पर गुजराती, मारवाड़ी, पंजाबी और उड़िया लोग यहां रहते हैं। फिर बड़ी आबादी झारखंड और बिहार के लोगों की भी है। ऐसे में भाजपा को उम्मीद है कि ममता बनर्जी के बांग्ला फोकस चुनाव करने पर उसे यहां बाहरी समुदायों को लुभाने में मदद मिलेगी। आमतौर पर चुनावों के दौरान ममता बनर्जी खुलकर बांग्ला कार्ड खेलती रही हैं। ऐसा हुआ तो भाजपा को भबानीपुर में ध्रुवीकरण की उम्मीद रहेगी।

### 20 फीसदी मुस्लिम वोट, ध्रुवीकरण की संभावना

इस सीट पर 20 फीसदी मुस्लिम आबादी है। ऐसे में भाजपा को उम्मीद है कि यदि ममता ने बांग्ला या मुस्लिम कार्ड चला तो फिर बाहरी वोटर उसके पक्ष में गोलबंदी कर सकते हैं। ऐसी स्थिति भाजपा के लिए फायदेमंद होगी। गौरतलब है कि ममता को भी यहां की डेमोग्राफी का अंदाजा है। यही कारण है कि उन्होंने जैन समाज के लोगों को सब्सिडी रेट पर कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में जैन मंदिर के लिए जमीन दी है। आमतौर पर बांग्ला कार्ड चलने वालीं ममता बनर्जी का यह कदम अलग था। इसे भबानीपुर से ही जोड़कर देखा जा रहा है।

केरल

## राजग ने केरल में ईसाई बहुल दो निर्वाचन क्षेत्रों में पिता-पुत्र को मैदान में उतारा

दक्षिणी कोट्टायम जिले में दिखेगा दिलचस्प मुकाबला

**कोट्टायम (केरल)**। केरल में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच दक्षिणी कोट्टायम जिले में दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल रहा है, जहां पिता और पुत्र राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के रूप में दो अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव मैदान में हैं। इन दोनों सीटों पर ईसाई मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। ये और कोई नहीं, बल्कि वरिष्ठ नेता पीसी जॉर्ज और उनके बेटे शोन जॉर्ज हैं। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा उम्मीदवारों की सूची जारी किए जाने के साथ ही पिता-पुत्र को क्रमशः पूंजार और पाला सीटों से मैदान में उतारा गया है। ये दोनों निर्वाचन क्षेत्र केरल के मध्य हिस्से में स्थित हैं और यहां ईसाई मतदाताओं का प्रभाव अधिक है। सात बार विधायक रहे पी सी जॉर्ज अपने गृह क्षेत्र पूंजार में जाना-माना नाम हैं।



### ऐसे चुनाव लड़ना कई मुश्किलें खड़ी करता

पूर्व जिला पंचायत सदस्य शोन जॉर्ज ने कहा कि उनके पिता और वह दोनों एक ही चुनाव में अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ना नहीं चाहते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने जोर दिया कि वे पूंजार और पास के पाला निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ें। उन्होंने यहां कहा, 'एक ही परिवार से दो व्यक्तियों का चुनाव लड़ना कई मुश्किलें खड़ी करता है। लेकिन नेतृत्व ने हमें बताया कि चुनाव कोई व्यक्ति नहीं बल्कि पार्टी लड़ रही है।'





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



चैत्र नवरात्र की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) = | ₹114547/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) = | ₹139900/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) = | ₹152714/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand® Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


## चैत्र नवरात्रि की आज शुरुआत,पहले ही दिन शुक्ल, ब्रम्ह और सर्वार्थ सिद्धि योग, अभिजित मुहूर्त में आज घट स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*आदि शक्ति के उपासकों और साधकों का पर्व चैत्र नवरात्र गुरुवार से प्रारंभ हो रहा है। माता का आगमन होने के साथ ही सनातन धर्मानुरागी हिन्दू नववर्ष का स्वागत करेंगे। भक्तों और साधकों को पहले ही दिन शुक्ल योग, ब्रह्म योग और सर्वार्थ सिद्धि योग मिल रहा है। यह विशेष योग पूजा-पाठ और साधना करने वालों के लिए* ▶▶|शेष पेज 8 पर



**तीन योग बन रहे**

इस बार नवरात्र में जहां तीन योग बन रहे हैं, वहीं एक विशेष संयोग यह है कि इसमें भक्तों को तिथियों के अनुसार नौ दिन भक्ति के लिए मिलेंगे। इस बार घट स्थापना के लिए लोगों को दिनभर में कई मुहूर्त मिलेंगे। सुबह से शाम तक तय मुहूर्त में कलश स्थापित करते हुए साधक उपासना शुरू कर सकते हैं। इसके साथ ही तीन योगों का मिल रहा संयोग भक्तों के लिए सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित करने वाला है।

**डोंगरगढ़ में सज गया माता का दरबार**



### पीएम मोदी और पेट्रोलियम मंत्री पुरी के बीच दो घंटे चली बैठक

**केंद्र सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का किया वादा**

# खत्म होगा संकट, राज्यों को मिलेगी अब 10 फीसदी अतिरिक्त एलपीजी

*अमेरिका-इजरायल की ईरान से युद्ध के कारण भारत में एलपीजी की किल्लत और अफरा-तफरी की खबरें हैं। कच्चे तेल-गैस की सप्लाई को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद भवन में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक की। केंद्र सरकार ने राज्यों को 10 फीसदी अतिरिक्त एलपीजी देने का ऑफर दिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में कमी तीसरे सप्ताह जारी रहने के बीच पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार को तेज करने वाले राज्यों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का बुधवार को वादा किया। इससे खाना पकाने के ईंधन की उपलब्धता पर दबाव कम किया जा सकेगा। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण भारत की करीब 60 प्रतिशत एलपीजी तक पहुंच अवरुद्ध होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी ▶▶|शेष पेज 8 पर







### तेल संकट पर पीएम मोदी ने की बैठक

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद भवन में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक की। इसमें कच्चे तेल और गैस की उपलब्धता, उनके इम्पोर्ट और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई। करीब 2 घंटे चली बैठक में सरकार ने अपने आपातकालीन तेल भंडार की भी समीक्षा की है। जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

### 15 राज्यों को दिया गया निर्देश

अब तक 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने एलपीजी वितरण दिशानिर्देश जारी किए हैं। खाना पकाने व अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्यों को 48,000 किलोलीटर अतिरिक्त मिट्टी का तेल दिया गया है। 12 राज्यों ने इस अतिरिक्त कोटे का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल व डीजल के मामले में भारत आत्मनिर्भर है और खुदरा दुकानों पर कहीं भी कमी की सूचना नहीं है।

### रूसी तेल का टैंकर 21 को पहुंचेगा भारत

*रूसी तेल को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन जा रहे रूसी तेल से लदे टैंकर दक्षिण चीन सागर में यू-टर्न लेकर लौट गया है और अब भारत की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, क्योंकि भारत ने रूस से अपने आयात को दोगुना कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने रूसी तेल खरीद को तेजी से बढ़ा रहा है, जिस कारण चीन जा रहे जहाजों को अब भारत के लिए मोड़ दिया गया है और इसमें से एक जहाज 21 मार्च को न्यू मैंगलोर पहुंचने वाला है। जहाज ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, इस शिप को जनवरी के अंत में बाल्टिक सागर के एक बंदरगाह से लोड किया था।*

**विधानसभा में 1.87 लाख करोड़ का विनियोग विधेयक पारित**

## बजट पारित, वित्तमंत्री चौधरी ने कहा प्रदेश में विकास को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ सरकार के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1 लाख 87 हजार 500 करोड़ रुपये का व्यापक और जनोन्मुखी विनियोग विधेयक प्रस्तुत करते हुए राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत खाका सामने रखा है। बुधवार को चर्चा के बाद विनियोग विधेयक पारित हो गया। विधानसभा में इस विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, यह बजट राज्य के 3 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और इसका उद्देश्य समावेशी विकास, आर्थिक सुदृढ़ता तथा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तैयार इस बजट को ▶▶|शेष पेज 8 पर

- **महतारी वंदन योजना के लिए 8,200 करोड़ रुपये का प्रावधान**



### महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता

*मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। "महतारी वंदन योजना" के अंतर्गत राज्य की लगभग 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के प्रभावी संचालन के लिए 8,200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को "महतारी गौरव वर्ष" घोषित कर महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी है। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी सेवाओं, पोषण आहार, महिला एवं बाल विकास योजनाओं के लिए भी पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया गया है।*

## लगातार चार जिलों में हरिभूमि आईएनएच का जिला संवाद



टंकराम वर्मा



डॉ. हिमांशु द्विवेदी



श्याम बिहारी जायसवाल



रामविचार नेताम

*प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु स्थापित करेंगे जन-प्रतिनिधियों और अतिथियों से विभिन्न मुद्दों पर संवाद*



संतोष पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद कार्यक्रम 21 से 24 मार्च तक लगातार चार जिलों में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में हरिभूमि-आईएएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी जन प्रतिनिधियों, अतिथियों एवं जनता से ▶▶|शेष पेज 8 पर

**पाली थाना क्षेत्र के दीपका पाली मुख्यमार्ग के ग्राम नुनेरा के समीप हुआ हादसा**

## ट्रेलर पलटा, सड़क किनारे खड़े चाचा, भतीजा सहित 3 की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

दीपक खदान से कोयला लोड कर पाली की ओर जा रहा एक के तेज रफ्तार ट्रेलर नुनेरा हाई स्कूल के पास अचानक नियंत्रित होकर पलट गया और वहीं सड़क के किनारे खड़े बाइक सवार तीन युवकों को अपनी जद में ले लिया। तीनों युवक ट्रेलर में दब गये जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने दीपिका पाली मुख्यमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ▶▶|शेष पेज 8 पर

### चक्काजाम से वाहनों की कतारें

*ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन भारी वाहनों की बेलगाम रफ्तार को नियंत्रित करने में विफल रहा है, जिसके कारण निर्दोष लोगों की जान जा रही है। चक्काजाम की वजह से मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। घंटों चले चक्काजाम के बाद प्रशासन व पुलिस की ओर से ग्रामीणों को समझाइश दी गई और आर्थिक सहायता की राशि प्रदान की गई।*






### भ्रामक विज्ञापन, कोचिंग पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि कोचिंग संस्थानों द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न भ्रामक विज्ञापनों पर उन्हें नोटिस दिए जाते हैं और जुर्माना लगाया जाता है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा में प्रश्नकाल में कहा कि भ्रामक विज्ञापनों और अन्य धोखेबाजी वाली गतिविधियों के मामले में कोचिंग कक्षाओं को बहुत नोटिस दिए गए हैं।

### शनिवार और रविवार को भी संसद की बैठक

**नई दिल्ली।** संसद में इस सप्ताह बृहस्पतिवार और शुक्रवार को अवकाश होने के कारण अगले सप्ताहांत में शनिवार और रविवार को भी दोनों सदनों की बैठक आयोजित होगी। लोकसभा में पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदस्यों को सूचित किया कि 19 मार्च और 20 मार्च के लिए निर्धारित सदन की बैठकें रद्द कर दी गई हैं। उनके स्थान पर शनिवार, 28 मार्च और रविवार, 29 मार्च को बैठकें होंगी जिनमें प्रश्नकाल नहीं होगा। बृहस्पतिवार को उगादी उत्सव मनाया जाएगा, वहीं शुक्रवार को ईद-उल-फितर का अवकाश रहेगा।






# शिक्षा मंत्री बोले-अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण का प्रावधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा में अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण और कम मानदेय को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण का कोई प्रावधान नहीं है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के सवाल के जवाब में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि अतिथि शिक्षकों को 20 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है। यह भुगतान उनकी उपस्थिति के आधार पर होता है और सभी जिलों में समान है। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि हाल के समय में नई भर्ती नहीं की गई है, बल्कि पुराने अतिथि शिक्षकों से ही काम लिया जा रहा है। उन्होंने कहा, सरकार नियमित शिक्षकों की भर्ती पर ध्यान दे रही है।

### नियमितीकरण पर सरकार का इनकार

जब अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण पर सवाल पूछा गया तो मंत्री ने साफ कहा कि इसके लिए कोई योजना या प्रावधान नहीं है। उन्होंने बताया कि नियमितीकरण केवल दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए होता है, जबकि अतिथि शिक्षक अलग श्रेणी में आते हैं।

**मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष का बहिर्गमन**



### छुट्टी और वेतन कटौती पर भी सवाल

विपक्ष ने यह मुद्दा भी उठाया कि अतिथि शिक्षकों को एक दिन की अनुपस्थिति पर वेतन काटा जाता है और उन्हें नियमित कर्मचारियों जैसी छुट्टियां भी नहीं मिलतीं। इस पर भी मंत्री ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया, जिससे विपक्ष और आक्रामक हो गया। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी विधायकों सदन से बहिर्गमन कर दिया।

### विपक्ष ने उठाया "मोदी की गारंटी" का मुद्दा

कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने सरकार को घेरते हुए कहा, अतिथि शिक्षकों को उपस्थिति के आधार पर वेतन दिया जा रहा है, यानी वे व्यवहार में डेली वेजेस कर्मचारियों की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने "मोदी की गारंटी" का हवाला देते हुए पूछा कि जब नियमितीकरण का वादा किया गया था, तो इसे कब तक पूरा किया जाएगा। मंत्री ने सीधा जवाब देने से बचते हुए कहा कि सरकार "मोदी की हर गारंटी" पूरी करेगी।

---

**ऑपरेशन : 18 नक्सलियों के समर्पण के लिए अलग-अलग इलाके में लोग**

## जिले में 18 नक्सलियों की तलाश, दो ने इलाका छोड़ा, डेडलाइन के 13 दिन शेष

**परतापुर एरिया कमेटी के 2 नक्सलियों ने आरकेबी इलाके का किया रूख**

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ कांकेर




कांकेर जिले के घने जंगलों में इन दिनों सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच एक अलग ही रणनीतिक उटापटक चल रही है। यह लड़ाई गोलीबारी की नहीं, बल्कि समर्पण की है। कांकेर जिला में सक्रिय परतापुर एरिया कमेटी एवं कंपनी नंबर 05 के 18 सक्रिय नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार करने में जुटा है, लेकिन लगातार प्रयासों के बावजूद अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है। समय तेजी से बीत रहा है और डेडलाइन के लिए अब महज 13 दिन ही शेष रह गए हैं, जिससे संबंधितों की चिंता भी बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार कांकेर जिले में सक्रिय परतापुर एरिया कमेटी और कंपनी नंबर 05 में 20 नक्सली है, इनमें से दो नक्सली मंगेश परचापी और उसकी पत्नी मनीषा हाल ही में आरकेबी डिवीजन की ओर निकल गए थे। दोनों नक्सली आरकेबी डिवीजन की नक्सली सदस्य हिड़मे के साथ कोहकाटोला क्षेत्र में एक लाड़ी में रुके हुए थे। इसकी जानकारी जिला मानपुर पुलिस को मिली। मानपुर के पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने एक टीम रवाना किया, वहीं कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेखा ने भी एक टीम रवाना किया था। तीनों नक्सलियों का फोर्स के आने की आहट मिलते ही नक्सली हड़ड़ाते हुए अपने हथियार और सामान छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। दोनो जिलों की पुलिस इन तीनों नक्सलियों का मूवमेंट अब किधर है, उसकी तलाश करने में लगी हुई है। मंगेश और मनीषा के इस तरह भाग निकलने के बाद कांकेर जिला में सक्रिय परतापुर एरिया कमेटी और कंपनी नंबर 05 के शेष 18 नक्सलियों के कांकेर और अबूझमाड़ के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में छिपे होने की चर्चाएं चल रही है।

### समर्पण के लिए पुलिस की 18 पर नजर

कांकेर जिले में सक्रिय 18 नक्सलियों परतापुर एरिया कमेटी से चंदर, रूपी, कुमारी माली, मंगलू पद्दा, राधिका, जिला मरकाम, को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से तीन अलग-अलग टीमें सक्रिय है। इनमें एक टीम जगदलपुर से, दूसरी नारायणपुर से और तीसरी स्थानीय स्तर के लोग शामिल है। यह सभी टीमें लगातार अंदरूनी जंगलों में सक्रिय हैं और संपर्क स्थापित करने की कोशिश कर रही हैं। यह कयास लगाए जा रहे है कि यदि एक-दो दिन में कोई सकारात्मक परिणाम नहीं मिलता है, तो सुरक्षा बल फिर से सर्च ऑपरेशन तेज कर सकते हैं।

---

### भिक्षुक ने पूजा कमरे में चाकू से गला रेता, मौत

**बिलासपुर।** भिक्षा मांगकर जीवनयापन करने वाले ग्रामीण ने पूजा कमरे में चाकू से अपना गला रेत लिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, ग्राम जोंधरा निवासी चंदन नट पिता स्व. कार्तिक नट 45 साल गांव में भिक्षा मांगकर जीवन यापन कर रहा था। वह पूजा पाठ करने में लीन रहता था। 17 मार्च की शाम 7 बजे वह भिक्षा मांगकर घर लौटा। घरवालों से बातचीत करने के बाद पूजा कमरे में चले गया। बाद में उसकी बहू खाना खाने के लिए बुलाने पूजा रूम में गई तो चंदन नट खून से लथपथ तड़पता नजर आया, उसके पास चाकू पड़ा हुआ था। गले में चाकू से रेतने के गहरे निशान थे। आनन फानन में घरवाले उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन शव घर लेकर आ गए।

---

## कार में मिली 50 लाख से अधिक की 21 किलोग्राम चांदी, दो से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



टेमरी नाका में वाहनों की जांच के दौरान कोमाखान पुलिस ने एक कार से 50 लाख से अधिक के 21 किलो चांदी के जेवर बरामद किए हैं। मामले में कार में सवार लोगों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि जिले मे अवैध मादक पदार्थ एवं अन्य अवैध हथियार, सामग्रियों के परिवहन रोकथाम हेतु स्थायी चेक पोस्ट एवं मोबाईल चेक पोस्ट लगाकर आने जाने वाले छोटे-बड़े एवं संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है। 17 मार्च को टेमरी नाका में वाहन चेकिंग कार्रवाई के दौरान खरियार रोड ओडिशा की ओर से आ रही एक सफेद रंग की सेलेरियो कार क्रमांक सीजी 04 पीवाय 7882 को रोका गया। चालक ने पूछताछ में अपना नाम टिकेश कुमार साहू पिता स्व.गिरवर लाल साहू (38 वर्ष) बाना थाना उरला जिला रायपुर (छ.ग.) व दूसरे सवार व्यक्ति ने अपना नाम वीरेंद्र प्रधान पिता स्व. दुर्योधन प्रधान (50 वर्ष) वार्ड नं. 56 मठपारा रायपुर थाना टिकरापारा जिला रायपुर (छ.ग.) होना बताए। कार की तलाशी लेने पर बीच सीट में तीन बैगों में रखे सामान के संबंध में पूछताछ करने पर बैग के अंदर विभिन्न प्रकार के चांदी के फैंसी आभूषण रखना तथा ओडिशा से रायपुर लेकर जाना बताया। पुलिस ने उक्त बैगों से विभिन्न प्रकार के चांदी के फैंसी आभूषण कुल 41 पैकेट सहित वजनी 21.089 किग्रा कीमत 54 लाख 60 हजार रुपए को बरामद करते हुए चांदी के आभूषण रखने, परिवहन करने के संबंध में वैध कागजात पेश करने के संबंध में धारा 94 बीएनएसएस के तहत नोटिस जारी किया गया। नोटिस पर वीरेंद्र प्रधान एवं टिकेश कुमार साहू द्वारा संतोषप्रद वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर गवाहों के समक्ष जब्ती की कार्रवाई की गई है।


SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769


---

## पिता और दो पुत्रों को कालिख पोत अर्धनग्न गांव में घुमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने जादू टोना के संदेह पर पिता एवं पुत्रों की सामूहिक पिटाई कर अर्धनग्न कर गांव में घुमाने व रात भर बंधक बनाकर रखे जाने के मामले में पुलिस द्वारा न्यायिक आदेश का पालन नहीं किए जाने को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने मामले में डीजीपी को शपथपत्र में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध प्रारंभ की गई विभागीय जांच के परिणाम अभिलेख पर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी।

अभनपुर थाना क्षेत्र में 13 मार्च 2025 को ग्रामीण काला जादू की बात कहते हुए तिलक साहू की पिटाई कर रहे थे। तिलक साहू ने इस बात की जानकारी अपने पिता अमर सिंह साहू को दी, इस पर पिता अमर सिंह अपने बेटे नरेश साहू के साथ मौके में गया। इसके बाद ग्रामीणों ने तीनों की पिटाई कर बंधक बनाया व अर्धनग्न कर पूरे गांव में घूमाया व मुंह में खालिख लगाकर जूते की माला पहना कर रात भर चौराहे में बंधक बनाकर रखा गया। दूसरे दिन सुबह डायल 112 को सूचना दी गई। इस पर पुलिस वाले मौके में पहुंचे और पीड़ति पक्ष से एक कागज में हस्ताक्षर लिया गया कि वे कोई शिकायत नहीं करेंगे।

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मामला

न्यायालय ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के खिलाफ टोनही प्रताड़ना अधिनियम एवं अन्य धारा के तहत जुर्म दर्ज कर मामले में चालान पेश करने का आदेश दिया। न्यायिक आदेश का पालन नहीं करने पर पुलिस ने 21 आरोपियों के खिलाफ जमानती धारा में अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ पीड़ति ने हाई कोर्ट में याचिका पेश की। हाईकोर्ट ने मॉब लॉचिंग की घटना को नियंत्रित नहीं कर निष्पक्ष जांच नहीं किए जाने को गंभीरता से लिया। कोर्ट ने इस मामले में एसपी रायपुर, आईजी रायपुर एवं डीजीपी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। डीजीपी ने शपथ पत्र में कहा कि मामले में विभागीय जांच चल रही है। दोषी इंस्पेक्टर सिद्धेश्वर प्रताप सिंह, सब-इंस्पेक्टर नरसिंह साहू, पुलिस स्टेशन अभनपुर के खिलाफ जांच का आदेश दिया गया है। चार्जशीट भी दोनों अधिकारियों को दिया गया है।

### विभागीय जांच पर नया शपथ पत्र दायर करना होगा

इस जवाब के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को यह स्वतंत्रता होगी कि वे अपनी समस्त शिकायतें विचारण न्यायालय के समक्ष उठाएं, और अपने इस तर्क के समर्थन में उचित सामग्री प्रस्तुत करें कि अभियुक्त व्यक्तियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 309(6) और धारा 111(3), तथा छत्तीसगढ़ टोनाही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, 2005 की धारा 4 और 5 के अंतर्गत अपराध कायम रहे। साथ ही विचारण न्यायालय विधि के अनुसार उचित आदेश पारित करेगा। कोर्ट ने कहा है कि पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़, उपर्युक्त दोषी अधिकारियों के विरुद्ध प्रारंभ की गई विभागीय जांच के परिणाम को, एक नया शपथ-पत्र दाखिल करके, अभिलेख पर प्रस्तुत करेंगे।

---

## किसान का बकाया धान 30 दिन के अंदर खरीदें : हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी ने स्टाक जांच में नहीं होने की बात कहते हुए किसान का पूरा धान नहीं लेने के खिलाफ पेश याचिका में कलेक्टर सक्ती, हसौद मंडी सहित अन्य को याचिकाकर्ता का बकाया 84 क्विंटल धान 30 दिवस के अंदर लेने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इसके साथ याचिका को निराकृत किया है। याचिकाकर्ता लक्ष्मण कुमार चंद्रा पिता मोतीलाल चंदा निवासी ग्राम हसौद, तहसील-हसौद जिला सक्ती ने अधिया के आधार पर खेती की थी। कटाई के बाद शेष 84 क्विंटल धान बटाईदार के घर भंडार में रखा गया था। भंडार के भौतिक सत्यापन की तारीख 20 जनवरी को 84 क्विंटल धान याचिकाकर्ता के सीधे कब्जे में नहीं पाया गया। इसके कारण धान खरीदी से समिति प्रबंधक ने इंकार कर दिया था।


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट | रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एलर्जी एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037 OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

पाइल्स
क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ (ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चाज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### अनुचित साधन क्या हैं

परीक्षाओं में नकल या गड़बड़ी के मामलों को अनुचित साधन कहा जाता है, सवाल ये है कि अनुचित साधन क्या हैं। विधेयक में अपराधों की एक विस्तृत सूची तैयार की गई है, जिनमें शामिल हैं। प्रश्नपत्र या उत्तर कुंजी को समय से पहले लीक करना या प्रकट करना। परीक्षार्थी के स्थान पर किसी दूसरे व्यक्ति का परीक्षा देना (प्रतिरूपण)। उत्तर पुस्तिकाओं या मूल्यांकन के अंकों में हेराफेरी करना। नकली वेबसाइट बनाकर धोखाधड़ी करना या फर्जी प्रवेश पत्र या नियुक्ति पत्र जारी करना। परीक्षा प्रक्रिया में बाधा डालना या अधिकृत कर्मचारियों को डराना-धमकाना शामिल है।

### संपत्ति की कुर्की और वसूली

नए कानून में यह भी प्रावधान है कि यदि कोई संस्थान या व्यक्ति संगठित अपराध के जरिए अवैध लाभ कमाता है, तो उसकी संपत्ति कुर्क की जा सकती है। इसके अलावा, अपराध के कारण परीक्षा रद्द होने पर होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई भी दोषी व्यक्ति या संस्था से 'अनुपातिक लागत' के रूप में की जाएगी। यह अधिनियम पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में प्रभावी होगा और राज्य सरकार जल्द ही इसे राजपत्र में अधिसूचना के माध्यम से लागू करेगी। इस कानून के आने से ईमानदार परीक्षार्थियों के हितों की रक्षा होने और भर्ती प्रक्रियाओं में शुचिता आने की उम्मीद जताई जा रही है।

**सरकार ने बनाया नया विधेयक**

# परीक्षाओं में धांधली पर सख्ती, अब 10 साल की जेल और 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी नौकरियों और व्यावसायिक परीक्षाओं में होने वाली नकल, पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं को रोकने के लिए शिकंजा कस दिया है। राज्य विधानसभा में 'छत्तीसगढ़ (लोक भर्ती एवं व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2026' पेश किया गया है। इसमें संगठित अपराध करने ▶▶ शेष पेज 8 पर



■ अनुचित साधनों के साथ पकड़े गए तो कड़ा दंड

### नकलचियों पर 3 साल तक का प्रतिबंध

नए कानून के मुताबिक, यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों (जैसे नकल सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी की सहायता लेना) का उपयोग करते हुए पकड़ा जाता है, तो उसका परीक्षा परिणाम रोक दिया जाएगा। इसके साथ ही उसे आगामी 1 से 3 साल तक के लिए किसी भी लोक परीक्षा में बैठने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।






inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंकने वालों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि वंदे भारत ट्रेन में लगाए




गए हाई-रिजोल्यूशन कैमरों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक की मदद से अधिकारियों को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में ट्रेन पर पत्थर फेंकने वाले लोगों को पकड़ने में मदद मिली।

### ट्रक पलटने से दबे दो मजदूरों की मौत

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के खुर्जा देहात थाना क्षेत्र में बुधवार को एक ट्रक पलटने से उसके नीचे दबने के कारण दो मजदूरों की मौत हो गई। यह घटना मुबारकपुर गांव के पास हुई जहां गिट्टियों से लदे ट्रक की कमानी टूट जाने से पूरा वजन एक तरफ आ गया और वाहन पलट गया।

### गर्भवती यूट्यूबर की हत्या, पति गिरफ्तार

**करीमनगर।** तेलंगाना के जगतियाल जिले में एक गर्भवती यूट्यूबर की उसके पति ने कथित



तौर पर हत्या कर दी। गर्भवती यूट्यूबर की पहचान वैष्णवी (20) के रूप में हुई है। वह मंगलवार को माधापुर गांव में अपने माता-पिता के घर पर खून से लथपथ पाई गई थी।

### खंभे से टकराया स्कूटर तीन मेडिकल छात्रों की मौत

**कोझिकोड।** कोझिकोड में कोयिलांडी के पास हुए एक सड़क हादसे में तीन मेडिकल छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। तीनों छात्र एक स्कूटर पर सवार थे और देर रात करीब दो बजे उनका वाहन बिजली के एक खंभे से टकरा गया। तीनों छात्रों की आयु करीब 19 वर्ष थी और वे यहां के मालाबार क्रिश्चियन कॉलेज में एमबीबीएस के विद्यार्थी थे।

**इंदौर में अग्निकांड कारोबारी के आठ रिश्तेदारों की गई जान**

# 'ईवी चार्जिंग प्वाइंट' में विस्फोट के बाद मकान में आग, 8 जिंदा जले

इंदौर में इलेक्ट्रिक कार में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। इधर, दिल्ली के एक बिल्डिंग में आग लगने से नौ की जान चली गई।

एजेंसी ▶▶ इंदौर

इंदौर में तीन मंजिला मकान के बाहर बुधवार तड़के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को चार्ज किए जाने के दौरान हुए धमाके के बाद इस इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई।

■ पीएम मोदी ने जताई संवेदना, सहायता राशि की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, मध्यप्रदेश के इंदौर में हुए अग्निकांड में लोगों के हताहत होने से मैं अत्यंत व्यथित हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने इस घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और हर घायल को 50,000-50,000 रुपए की सहायता राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) के जरिये देने की घोषणा की। इस बीच, प्रदेश सरकार ने विशेषज्ञों की समिति से इस घटना की विस्तृत जांच कराए जाने और ईवी चार्ज करने के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार कराए जाने की घोषणा की है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कुंदन मंडलोई ने बताया कि ब्रजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के एक मकान में बुधवार तड़के 03:30 बजे से 04:30 बजे के बीच आग लगी।




### कार को किया जा रहा था चार्ज

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मकान के बाहर एक कार को चार्ज किया जा रहा था। उन्होंने कहा, चार्जिंग प्वाइंट में धमाका हुआ और इसके बाद कार में लगी आग ने मकान को अपनी जद में ले लिया। उन्होंने बताया कि घर के दरवाजों पर इलेक्ट्रॉनिक ताले लगे थे और इस कारण पुलिस को दरवाजे तोड़कर अंदर जाने में मुश्किल पेश आई। पुलिस आयुक्त ने बताया कि घर के भीतर रखे रसोई गैस के सिलेंडरों में भी धमाके हुए जिससे आग ने और विकराल रूप धारण कर लिया। उन्होंने कहा, आग लगने के दौरान घर में फंसे तीन लोगों को बाहर निकालकर बचाया गया।

### इनकी हुई मौत

घनघोरिया ने बताया कि मृतकों की पहचान तन्मय (छह), राशि सेठिया (12), सिमरन (30), टीनू (35), सुमन सेठिया (60), विजय सेठिया (65), छोटू सेठिया (22) और मनोज (65) के रूप में हुई है। आग लगने के बाद बचाए गए दो लोगों को भी अस्पताल लाया गया था। हालांकि, उन्होंने प्राथमिक उपचार के बाद अपना इलाज दूसरे अस्पताल में कराने की इच्छा जताई जिसके बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

## इमारत में आग, एक ही परिवार के नौ की मौत



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लगने से एक बुजुर्ग महिला और उनकी तीन पोतियों समेत एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। महिला की एक पोती की उम्र मात्र तीन साल थी। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए जिनमें से दो लोगों ने आग से बचने के लिए इमारत से छलांग लगाई थी। यह इमारत पालम मेट्रो स्टेशन के पास राम चौक मार्केट में है। इमारत के 'बेसमेंट', भूतल और पहली मंजिल पर कपड़े तथा सौंदर्य प्रसाधन का शोरूम था, जबकि शोरूम के मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। पड़ोसियों ने बताया कि आग शुरू में पहली मंजिल पर लगी थी लेकिन तेजी से फैल गई।

### इनकी हो गई मौत

मृतकों की पहचान राजेंद्र की पत्नी लाडो (70), उनके बेटे प्रवेश (33) और कमल (39), कमल की पत्नी आशु (35) और उनकी तीन बेटियों के रूप में हुई। उनकी तीन बेटियों की उम्र 15, छह और तीन साल थी। लाडो की बेटी हिमांशी (22) और बहू दीपिका (28) की भी इस अग्निकांड में मौत हो गई। राजेन्द्र और लाडो का बेटा अनिल (32) अपनी दो साल की बेटी को तीसरी मंजिल पर सीढ़ी से उतारने की कोशिश कर रहा था, तभी वह नीचे गिर गई। इसके तुरंत बाद उसने खुद भी छलांग लगा दी। "

**सीएम साय ने दिए सख्त निर्देश**

## दबावपूर्वक सीवरेज की सफाई कराई तो खैर नहीं

■ केवल नगर निगम अथवा पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से ही कराया जाए सीवरेज सफाई का कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य में जबरन दबावपूर्वक मैनुअल स्केवेंजर्स का कार्य करवाने वाले व्यक्तियों पर कड़ाई से कार्यवाही की जाए। उन्होंने सीवरेज सफाई के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतर्गत केवल नगर निगम के माध्यम से अथवा पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से ही सीवरेज सफाई का कार्य करवाया जाए। साथ ही सफाई के दौरान सुरक्षा मापदंडों का पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए, जिससे कोई भी अप्रिय घटना ना होने पाए। ▶▶ शेष पेज 8 पर

### मजदूरों की मौत पर जताई संवेदना

मुख्यमंत्री श्री साय ने मंगलवार को राज्य के एक निजी बड़े हॉस्पिटल में सेप्टिक टैंक सफाई के दौरान तीन मजदूरों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ित वर्ग को हर संभव सहायता दी जाए साथ ही घटना के जिम्मेदार लोगों पर नियमानुसार कड़ी ▶▶ शेष पेज 8 पर

### सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन

उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति के पुनर्गठन के बाद यह पहली बैठक है। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के परिपालन में गाइडलाइन अनुसार प्रदेश के समस्त जिलों में मैनुअल स्केवेंजर्स रिसर्वे करवाया गया है, जिसमें सभी जिला कलेक्टर द्वारा मैनुअल स्केवेंजर्स मुक्त का प्रमाण पत्र दिया गया है, जो कि प्रदेश के लिए बहुत ही सम्मान एवं गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि हाथ से मैला उठाने की प्रथा मानवीय मूल्यों एवं संविधान द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों के विपरीत है। समाज में हर व्यक्ति को पूरे सम्मान के साथ जीने का अधिकार है।

## 'भव्य' पर मुहर, बनेंगे 100 विश्वस्तरीय औद्योगिक पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को 33,660 करोड़ रुपए की 'भारत औद्योगिक विकास योजना' (भव्य) को मंजूरी दी, जिसके तहत देशभर में 100 'प्लग-एंड-प्ले' औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को स्वीकृति दी गई। इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है।




### 15 लाख रोजगार का अनुमान

भव्य योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है। साथ ही, यह पहल एमएसएमई, स्टार्टअप, विनिर्माण इकाइयों और वैश्विक निवेशकों को तैयार औद्योगिक ढांचा उपलब्ध कराकर निवेश को आकर्षित करेगी। इन औद्योगिक पार्कों में बाहरी बुनियादी ढांचे के लिए परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक समर्थन दिया जाएगा।

## छत्तीसगढ़, गोंडवाना सहित 14 ट्रेनें 20 दिन रहेंगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 3 लाइन नंबर-5 पर वॉशेबल एप्रन की डिस्मेंटलिंग एवं बैलेस्टेड ट्रैक में रूपांतरण कार्य करने हेतु ब्लॉक लिया जाएगा जिससे 14 एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन रद्द करने के साथ कुछ ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। इसमें कोरबा से बिलासपुर होकर अमृतसर तक जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और रायगढ़ से बिलासपुर, रायपुर होकर निजामुद्दीन जाने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस के 20 दिन तक पहिए थमे रहेंगे। गोंदिया स्टेशन पर लाइन नंबर-5 प्लेटफॉर्म-3 पर स्थित वॉशेबल एप्रन को डिस्मेंटलिंग कर उसे बैलेस्टेड ट्रैक में परिवर्तित करने के लिए कार्य किया जाएगा।

■ गोंदिया स्टेशन में 20 दिनों तक ट्रेन परिचालन बंद

## मैनपाट में जमकर ओलावृष्टि आधा दर्जन गांवों में भारी क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

आंधी-तूफान के साथ हुई ओलावृष्टि ने मैनपाट के आधा दर्जन से अधिक गांवों में भारी तबाही मचाई है। मौसम विज्ञानी अभी भी विक्षोभ की सक्रियता से कहीं-कहीं गरज-चमक एवं तेज हवाओं के साथ बौछार पड़ने एवं ओले गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। उत्तर भारत में पांच दिन पूर्व सक्रिय पछुआ विक्षोभ का प्रभाव अभी खत्म नहीं हुआ है। विक्षोभ के प्रभाव से पिछले तीन दिनों से दोपहर बाद मौसम में बदलाव देखा जा रहा है।

■ बदला मौसम



### इधर, दिल्ली में बारिश से 22 उड़ानें डायवर्ट

दिल्ली-एनसीआर में बुधवार की शाम को पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिला। अचानक काले बादलों के साथ अंधेरा छा गया और कई जगहों पर तेज आंधी के साथ बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिल्ली हवाई अड्डा के मुताबिक, राजधानी में खराब मौसम के कारण अब तक 22 उड़ानों के मार्ग में बदलाव की सूचना मिली है।

**रील के चक्कर में सांसत में जान**

## बुजुर्ग को बोरे में डालकर 'पार्सल' करने की कोशिश

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

हिंदू नव वर्ष उगादी और ईद-उल-फितर से पहले बढ़े बस किरायों के खिलाफ विरोध जताने और रील बनाने के लिए एक अजीबोगरीब तरीका



अपनाते हुए बेंगलुरु के एक परिवार ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को बोरे में डालकर 'पार्सल' करने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर 'रील' बनाने के लिए अपनाए गए इस अनोखे तरीके ने तब खतरनाक मोड़ ले लिया जब बुजुर्ग को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिसके बाद परिवार ने माफी मांगी।

### परिवार ने मांगी माफी

पुलिस ने बताया कि स्थिति तब गंभीर हो गई जब बोरे के अंदर बुजुर्ग को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इसके बाद परिवार ने अपनी हरकत के लिए पुलिस और आम जनता से माफी मांगी।

**आजादी के 79 साल बाद भी नहीं बन पाई सड़क**

# कांवर पर बीमार मरीज, 17 किमी बाद भी नहीं मिली एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के पहाड़ी पर बसे ग्रामों में आज आजादी 79 वर्षों बाद सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को इलाज के लिए 15 से 20 किमी की दूरी पैदल तय करने के बाद मरीज को उल्टे खाट पर बिठाकर या फिर लकड़ी का कांवर बनाकर अस्पताल तक इलाज के लिए लाना पड़ता है। समय पर अस्पताल तक मरीज पहुंच गया तो ठीक, नहीं तो दम तोड़ देते हैं। यह स्थिति वर्षों से बनी हुई है। लेकिन इस समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया है।

बुधवार को फिर एक मरीज को पहाड़ी ऊपर के गांव से कांवर के जरिये 17 किमी पैदल कुल्हाड़ीघाट तक लाया गया। यहां पहुंचने पर जब मरीज के लिए एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हुई तो परिजनों ने प्राइवेट वाहन मैनपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मरीज का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मुख्यालय मैनपुर से 18 किलोमीटर दूर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट है। पहाड़ी पर बसे ग्राम भालूडिग्गी में एक कमार जनजाति के ग्रामीण मन्नू नेताम की तबीयत अत्यधिक खराब होने के कारण आज बुधवार को उनके परिजन एवं गांव के ग्रामीणों ने उन्हें इलाज के लिए लाने के लिए लकड़ी एवं बास से कावर चैली निर्माण किया और उसमें लिटा कर मरीज को पहाड़ी दुर्गम रास्तों को पार करते हुए 17 किलोमीटर पैदल चल कुल्हाड़ीघाट तक लाया। ग्रामीणों ने बताया लगभग 4 घंटे लगातार पैदल चलने के बाद कुल्हाड़ीघाट तक पहुंचे, यहां के ग्रामीणों ने बताया जब भी पहाड़ी ऊपर बसे ग्रामों में किसी का भी तबीयत ▶▶ शेष पेज 8 पर

### धरातल पर नहीं हुआ काम

जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा इस आदिवासी क्षेत्र की ग्रामीण लगातार सड़क बिजली स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। एक तरफ सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे करती है दूसरे तरफ धरातल में कुछ भी नहीं है।



### कई बार विधानसभा में उठाया मुद्दा

आवश्यकता है- होटल के लिए हलवाई, मिस्त्री की तत्काल आवश्यकता है पेमेंट 18000 से 30000 सम्पर्क करें- राजपाल स्वीट्स यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर 9300521234.(RO-40270

**हेल्पर**

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मन्दिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534.(RO-40259

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**अन्य**

आवश्यकता है- Merchant Ny को कंपनी द्वारा 750 लड़के लड़कियों की योग्यता 10वीं पास से स्नातक तक सैलरी (35500-85500) रहना खाना बीमा फ्री इच्छुक व्यक्ति अपने Documents WhatsApp करें अधिक जानकारी हेतु कॉल करें- 7521088984. (RO-1350)

**Property प्रापर्टी**

**फ्लैट**

फ्लैट बेचना है - द पार्क साइड कचना तीन 2 बी.एच.के, चार 3 बी.एच.के फ्लैट, एक 4 बी.एच.के डुप्लेक्स सभी वेल फर्निश्ड बेचना है संपर्क- अजय अग्रवाल 8965051000. (आरो-831)

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - रायपुरा वृंदावन कॉलोनी के पास आवासीय 800 वर्गफीट एवं 1000 वर्गफीट पूर्व पश्चिम दिशा का प्लाट बेचना हैं। सम्पर्क करें- पारस कंसट्रक्शन, मो. 9827192035, 9204936794.(आरो-057)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस- MAHINDRA फाइनेंस मुद्रा योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर -(50,000/- से 25 लाख तक ) (2% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, , ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 9311830460.(RO-4300)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

**ASTROLOGY ज्योतिष**

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।
डॉ. जे.पी. दुबे
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

**CLASSIFIED RATE CARD**

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि

**Healthcare**

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## बिजनेस साइट

# एलन में जेईई व नीट बैच की तिथियां घोषित ए-सेट से 90% तक स्कॉलरशिप का मौका



**कोटा।** बोर्ड परीक्षाओं के समापन के साथ ही अब छात्र-छात्राओं ने डॉक्टर और इंजीनियर बनने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। इसी क्रम में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने आईआईटी-जेईई और नीट-यूजी की तैयारी के लिए नए बैचों की तिथियों की घोषणा कर दी है। ये बैच मार्च के अंतिम सप्ताह से शुरू होंगे। घोषित कार्यक्रम के अनुसार, कक्षा 10 से 11 में जाने वाले छात्रों के लिए जेईई-मेन, जेईई-एडवांस्ड और नीट-यूजी के नर्चर बैच 25 मार्च और 2 अप्रैल से शुरू होंगे। वहीं कक्षा 11 से 12 में जाने वाले छात्रों के लिए जेईई के बैच 2 अप्रैल से तथा नीट के बैच 3 और 23 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। इसी तरह 12वीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए जेईई बैच 26 मार्च और 15 अप्रैल से तथा नीट बैच 7 और 21 अप्रैल से शुरू होंगे। इसके अलावा प्री-नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन डिवीजन के तहत कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए भी अप्रैल और मई में अलग-अलग बैच प्रारंभ किए जाएंगे। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के प्रेसिडेंट विनोद कुमावत के अनुसार, छात्रों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) का आयोजन स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थी अपनी योग्यता का आंकलन कर सकते हैं और उन्हें प्रवेश शुल्क में 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

# अष्टविनायक रियल्टीज एवं शुभ ड्रीम होम प्रा. लि. के नए आवासीय प्रोजेक्ट 'वेदांता ग्रीन्स' का भव्य शुभारंभ कल



**रायपुर।** शहर के रियल एस्टेट सेक्टर में एक और महत्वपूर्ण आवासीय परियोजना 'वेदांता ग्रीन्स' का भव्य शुभारंभ 20, 21 एवं 22 मार्च को छछानपैरी, ओल्ड धमतरी रोड पर होने जा रहा है। अष्टविनायक रियल्टीज एवं शुभ ड्रीम होम प्रा. लि. की ओर से विकसित इस प्रोजेक्ट के लॉन्च के दौरान ग्राहकों को आकर्षक ऑफर्स के साथ आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवासीय प्लॉट्स की बुकिंग का अवसर मिलेगा।

**बायर्स और निवेशकों के लिए उपयुक्त** : यह प्रोजेक्ट विशेष रूप से बायर्स और निवेशकों दोनों के लिए उपयुक्त है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से स्वीकृत तथा रेरा में पंजीकृत 'वेदांता ग्रीन्स' प्राइम लोकेशन और उत्कृष्ट कनेक्टिविटी के कारण निवेश के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। परियोजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के निकट स्थित है, जिससे भविष्य में क्षेत्र का विकास और तेज होने की उम्मीद है। शुभ ड्रीम होम प्रा. लि. के डायरेक्टर अजय सिंधवानी ने बताया कि यह परियोजना अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है और यहां से शहर के प्रमुख स्थानों तक सुगम पहुंच उपलब्ध है। वहीं, डायरेक्टर शुभम अदलखा के मुताबिक लगभग 30 एकड़ में फैला यह प्रोजेक्ट 60 फीट चौड़ी मुख्य सड़क से सीधे जुड़ा हुआ है, जिससे इंटरस्टेट बस टर्मिनल, रायपुर रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और नया रायपुर तक पहुंच आसान हो जाती है।

# बाजार में बुल्स का दबदबा बरकरार, तीसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स 633 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ। आईटी और रियल्टी शेयरों के समर्थन से घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क दिन के उच्चतम स्तर के करीब बंद हुए। इस दौरान, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत या 633.29 अंक बढ़कर 76,704.13 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी50 0.83 प्रतिशत या 196.65 अंक बढ़कर 23,777.80 पर बंद हुआ। निफ्टी50 इटरनल, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इंफोसिस, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, एक्सिस बैंक, इंडिगो, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस और अदाणी इंटरप्राइजेज के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली। जबकि, सिप्ला, एचयूएल, कोल इंडिया, एनटीपीसी, सनफार्मा, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, अपोलो हॉस्पिटल्स और हिंडाल्को के शेयर सबसे ज्यादा नुकसान झेलने वाले शेयरों में शामिल रहे।

## शेयर बाजार में तेजी के कारण



### पहला कारण: विदेशों से पॉजिटिव सिग्नल

शेयर बाजार में तेजी के पीछे पहले कारण की बात करें, तो विदेशों से मिले पॉजिटिव ग्लोबल संकेतों का असर सेंसेक्स निफ्टी पर देखने को मिला है। एशियाई बाजारों में शुरुआत से ही तेजी देखने को मिली है। साउथ कोरिया का कोस्पी करीब 4% से ज्यादा चढ़ा था, तो वहीं जापान का निक्की भी 2% से ज्यादा उछाल के साथ कारोबार कर रहा था।

### दूसरा कारण: आईटी स्टाक में खरीदारी

बाजार उछलने के पीछे आईटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी भी बड़ी वजह मानी जा रही है। इस सेक्टर में जबर्दस्त वैल्यू बाइंग देखने को मिल रही है। तमाम ब्रोकरेज द्वारा एंथ्रोपिक, ओपनएआई से जुड़ा चिंताओं को खारिज किए जाने के बाद आईटी शेयरों में जोरदार उछाल आया है।

### तीसरा कारण: कच्चे तेल की स्थिर कीमतें

शेयर मार्केट में तेजी के पीछे के तीसरे कारण की बात करें, तो कहीं न कहीं युद्ध के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता को भी माना जा सकता है। वैश्विक कच्चा तेल मूल्य 100 डॉलर के आस-पास ही स्थिर नजर आ रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है अनिश्चितता के दौरान भी क्रूड में ये स्थिरता बाजारों में तेजी ला रही है।

## कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
### ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा सूचना

दिनांक 17/03/2026

नगर पालिक निगम बिलासपुर के जोन क्र.08 अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 09.04.2026 तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | NIT | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 40 | 187259 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की प्रतिमा स्थानांतरण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य। | 49.56 | 37,500 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 19.03.2026 संध्या 05.30 बजे के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

Green City, Clean City, Dream City.

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.08
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग
### -:: ईश्तहार ::-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202603101000081/अ-19 (3) वर्ष 2025-26 में पक्षकार कार्यालय नगर निगम भिलाई, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) जिला दुर्ग (छ. ग.) का पत्र कमांक/प्र.मं.आ.यो./न.नि./2026 दिनांक 19/02/2026 अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के ए. एच.पी. घटक अंतर्गत बहुमंजिला आवास निर्माण हेतु नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुरूद प.ह.न. 46, रा.नि.मं. कोहका स्थित भूमि खसरा नं. 1403/1, 1403/2, 1423/1, 1423/2 रकबा 2.16, 0.40, 2.37, 0.028 हे. रिक्त शासकीस भूमि को आबंटन किये जाने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 30/03/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/03/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

# सोना 1 हजार रुपए टूटा चांदी के दाम में गिरावट



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमतें 6 हजार रुपए टूटकर 2.56 लाख रुपए प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि घरेलू बाजार में मंदी के रुख के कारण सोना 1 हजार रुपए के नुकसान के साथ 1.60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। चांदी की कीमत 6 हजार रुपए या 2.28 प्रतिशत टूटकर 2,56,500 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो मंगलवार के बंद भाव 2,62,500 रुपए प्रति किलोग्राम से कम है। सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपए, या 0.62 प्रतिशत टूटकर 1,60,300 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। सोने का पिछला बंद भाव 1,61,300 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जिसमें 1,050 रुपए की बढ़त दर्ज की गई थी।

### मुनाफावसूली के साथ भौतिक मांग में सुस्ती

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक, दिलीप परमार ने बताया कि सोने की कीमतों में गिरावट इसलिए आई, क्योंकि व्यापारियों की मुनाफावसूली के साथ-साथ भौतिक मांग में भी सुस्ती देखने को मिली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 0.79 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79.92 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी, जबकि सोना 16.10 डॉलर, या 0.32 प्रतिशत टूटकर 4,989.65 डॉलर प्रति औंस रह गया।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बेंगलुरु में खरीदी 20 एकड़ जमीन

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी वह एक आवासीय परियोजना विकसित करेगी, जिससे अनुमानित 1,350 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बताया कि उसने पूर्वी बेंगलुरु में 20 एकड़ का भूखंड खरीदा है। कंपनी ने हालांकि जमीन की लागत का उल्लेख नहीं किया। कंपनी ने कहा, ' कंपनी इस स्थल पर एक प्रीमियम आवासीय परियोजना विकसित करने की योजना बना रही है, जिसकी अनुमानित राजस्व क्षमता करीब 1,350 करोड़ रुपए है।'
भारत की प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर कंपनियों में से एक गोदरेज प्रॉपर्टीज की मुंबई महानगर क्षेत्र, पुणे, बेंगलुरु, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और हैदराबाद में मजबूत उपस्थिति है। कंपनी छोटे शहरों में आवासीय भू-खंड भी बेचती है।

## कार्यालय कलेक्टर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
### सार्वजनिक सूचना

कमांक/1018 / भू-अर्जन / भूक्रनी / 2025 राजनांदगांव, दिनांक 03/03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, तहत बाकल-मुसरा (खपरीकला गेट) मानव लेवल क्रॉसिंग क्रमांक 465 पर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य हेतु प्रभावित ग्राम खपरीकला, प.ह.नं. 22, रा.नि.मं. तुमड़ीबोड़, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव के निम्नलिखित भू-धारक की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, दुर्ग के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

| अ. क्र. | भूधारक का नाम | खसरा नंबर | कुल धारित रकबा (हे.में) | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | घसनीन पिता शेखू , जाति लोधी, निवासी ग्राम हरदी | 331 / 1 | 0.215 | 0.068 | असिंचित |
| 2 | चेतन लाल पिता जेठू जाति धोबी | 331 / 2 | 0.316 | 0.080 | असिंचित |
| 3 | सावित्री बाई पति गोवर्धन यादव, रूमबाई पति लोकूराम जाति राउत | 330 / 1 | 0.275 | 0.137 | असिंचित |
| 4 | मनोहर, गंगाबाई, आशाबाई, सभी पिता बीरेदास, जाति सतनामी | 329 / 1 | 0.134 | 0.077 | असिंचित |
| 5 | हिरामन पिता राजभवन, राकेश पिता राजभवन, जांति सतनामी | 329 / 3 | 0.223 | 0.089 | असिंचित |
| | | 329 / 5 | 0.048 | | |
| 6 | शंकर, धिराजी उर्फ पिवन्तरीन, सोनकुंवर उर्फ रीनकुंवर, सभी पिता बिरेदास जाति सतनामी | 329 / 4 | 0.081 | 0.04 | असिंचित |
| 7 | कमल सिंह, नारायण दुलौरिन, शिवकुमार सभी पिता सुखचरण जाति सतनामी | 327 / 2 | 0.089 | 0.024 | असिंचित |
| 8 | नारायण पिता सुखचरण जाति सतनामी | 328 / 1 | 0.373 | 0.073 | मुख्य मार्ग / असिंचित भूमि |
| 9 | हेमलाल पिता मनहोरी जाति कंवर | 328 / 2 | 0.064 | 0.004 | |
| 10 | गोविन्द लाल पिता मनहोरी जाति कंवर | 328 / 4 | 0.065 | 0.032 | असिंचित |
| 11 | भागवत दास पिता रामा जाति तेली | 597 / 8 | 0.627 | 0.279 | असिंचित |
| | | 597 / 5 | 0.198 | | |
| 12 | बल्देव रामा पिता रामा जाति तेली | 597 / 6 | 0.627 | 0.125 | असिंचित |
| | | 597 / 2 | | | |
| 13 | बीरबल पिता रामा जाति तेली | 597 / 7 | 0.474 | 0.069 | असिंचित |
| 14 | विवेक प्रसाद पिता देवनारायण प्रसाद जाति तेली | 596 / 1 | 0.092 | 0.069 | असिंचित |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर,
जिला: राजनांदगांव

MS/82-354







डॉक्टर्स सजेशन
**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सिर के एक साइड हो बहुत तेज दर्द



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले दो-तीन हफ्तों से मेरे सिर में दाहिनी तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुलभूषण, धमतरी**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको माइग्रेन हो रहा है। आपको इस बात पर गौर करना चाहिए कि सिर दर्द किन वजहों से होता है? कई लोगों को धूप में आने से तो कुछ लोगों को भूख लगने से तो कुछ को तनाव की वजह से सिर दर्द होता है। समस्या की पहचान कर उससे बचने का प्रयास करना चाहिए। अगर अधिक दिक्कत होती है तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर माइग्रेन दर्द की दवा लिखवा लेनी चाहिए। लेकिन दर्द की दवा का इस्तेमाल ज्यादा ना करें।

**मेरी उम्र 19 वर्ष है। मुझे दिन भर कुछ-न-कुछ खाने की इच्छा होती रहती है। मेरा वजन भी बढ़ रहा है। कृपया बताएं कि मैं अपनी भूख पर कैसे कंट्रोल करूं?**

**-राजवीर, इमेल से**

हालांकि भूख ज्यादा लगने के कारण कभी-कभी शुगर का लेवल बढ़ने लगता है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो थायराइड संबंधी समस्या भी इसकी वजह हो सकती है। बेहतर होगा कि एक बार आप जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लें। वे आपके ब्लड की कुछ जांच कराएंगे, जिससे आपकी समस्या की वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का खाना और अधिक तेल-मसाले वाला खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-योगेंद्र, बिलासपुर**

यह गांठ किस तरह की है, यह बिना जांच किए कहना मुश्किल है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे इसकी प्रॉपर जांच करेंगे और अगर ऑपरेट करने की जरूरत होगी तो उसे ऑपरेट कर देंगे। लेकिन बगैर जांच कराए आप अपने मन से इस रोग का ट्रीटमेंट ना करें। यह हार्मफुल हो सकता है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरे दोनों पैर दिन में कभी भी अचानक कुछ मिनटों के लिए सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई सेंसेशन नहीं होता। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-संदीप, भोपाल**

इस तरह की समस्या कई बार नर्वस सिस्टम से जुड़ी होती है तो कई बार मस्तिष्क से संबंधित होती है। यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, यह आपने नहीं बताया। क्या आपको हाल-फिलहाल में सिर पर चोट तो नहीं लगी है? अगर ऐसा है तो आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वे जांच कर इसका ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 40 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट में विटामिन बी12 की कमी आई है। क्या मैं मल्टीविटामिन सप्लीमेंट ले सकता हूं? कितने दिनों तक इसे लेना सही रहेगा?**

**-जतिन, दुर्ग**

विटामिन बी12 की कमी आपको जांच करने के बाद पता चली है क्या? अगर ऐसा है तो इसकी दवा ली जा सकती है, लेकिन पहले आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वही इसकी दवा लिखेंगे। वही दवा आप शुरू करें। यह इस बात पर डिपेंड करेगा कि आपका विटामिन बी12 का लेवल कितना कम है, उसके अनुसार इसकी डोज तय की जाएगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**




डॉक्टर्स एडवाइस
**डॉ. एस.पी. राय**
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

एक खतरनाक बैक्टीरिया के संक्रमण से टीबी रोग किसी को भी हो सकता है। हालांकि इससे बचाव और उपचार की कारगर दवाएं मौजूद हैं, लेकिन आज भी दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग टीबी से ग्रस्त होकर अपनी जान गंवाते हैं। **वर्ल्ड टीबी डे (24 मार्च)** के अवसर पर आपको डिटेल में बता रहे हैं, इसके होने के कारण, प्रमुख लक्षण, जांच, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

# संभव है टीबी से बचाव-उपचार





हजारों साल से चली आ रही बीमारी है ट्यूबरकुलोसिस (टीबी), जिसे राजयक्ष्मा, क्षय रोग या तपेदिक भी कहा जाता है। टीबी आज भी दुनिया के कई देशों के लिए स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया से वर्ष 2030 तक इस बीमारी को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके प्रति अवेयरनेस बढ़ाने के लिए ही वर्ल्ड टीबी डे मनाते हैं। इस साल वर्ल्ड टीबी डे की थीम है- 'यस! वी कैन एंड टीबीः लेड बाय कंट्रीज, पॉवर्ड बाय पीपुल।' इसका आशय है-जी हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। इस कार्य में विभिन्न देशों के राजनीतिक नेतृत्व और जनता को अपनी-अपनी तरफ से भागीदारी निभानी होगी।

**इस जीवाणु से होता है टीबीः** 24 मार्च 1882 में जर्मनी के डॉ. रॉबर्ट कॉच ने टीबी के जीवाणु-माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरकुलोसिस का पता लगाया था। इस जीवाणु के नाम पर ही इस बीमारी का नाम ट्यूबरकुलोसिस संक्षेप में टीबी पड़ा। आमतौर पर लोगों को फेफड़े की टीबी की समस्या ज्यादा होती है। टीबी से ग्रस्त किसी व्यक्ति के खांसने या छींकने या फिर बात करने के दौरान जब उस शख्स के मुंह से ड्रॉपलेट्स निकलते हैं, वे हवा के माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति को टीबी से संक्रमित कर सकते हैं। फेफड़ों की टीबी का प्रमुख कारण यही है। लगभग 80 से 85% लोग फेफड़ों की टीबी से ग्रस्त होते हैं। इस टीबी के बैक्टीरिया, फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। अगर समय रहते फेफड़ों की टीबी का समुचित उपचार कर लिया जाए तो फिर कालांतर में इस बीमारी की जटिलताओं और गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है।

**क्या है एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबीः** जब टीबी के जीवाणु फेफड़ों के जरिए रक्त प्रवाह के साथ शरीर के दूसरे अंगों में पहुंच जाते हैं और फिर इन अंगों को क्षीण करने लगते हैं, तो उसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहा जाता है। जैसे हड्डियों, आंतों, रीढ़ की हड्डी, लिंफ नोड्स, गला, लिवर और शरीर के महत्वपूर्ण अंग एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से प्रभावित हो सकते हैं। कुछ लोग मस्तिष्क की टीबी और महिलाएं गर्भाशय की टीबी से भी ग्रस्त हो सकती हैं। लगभग 15 प्रतिशत व्यक्ति एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से ग्रस्त हो सकते हैं।

**टीबी के प्रकारः** जीवाणु की सक्रियता के आधार पर दो प्रकार के टीबी हो सकते हैं। एक, सक्रिय यानी एक्टिव टीबी और दूसरा, असक्रिय या लेटेंट टीबी।

**एक्टिव टीबीः** जिन लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु सक्रिय हो जाते हैं तो इस स्थिति में उनमें टीबी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं। ऐसे लोग अपनी लापरवाही से दूसरे लोगों को भी टीबी से ग्रस्त कर सकते हैं।

**लेटेंट टीबीः** टीबी के इस प्रकार में लोगों के शरीर में इस बीमारी के जीवाणु तो होते हैं, लेकिन वे सक्रिय नहीं होते। इस कारण ऐसे लोगों में टीबी के लक्षण प्रकट नहीं होते और और न ही ऐसे व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करने में सक्षम होते हैं।

**टीबी संक्रमण के लक्षणः** तीन हफ्तों से अधिक समय से आने वाली खांसी। खांसते समय खून का निकलना। अचानक व्यक्ति का वजन कम होने लगना। लंबे समय तक बुखार बने रहना। भूख का कम होते जाना। थोड़ा सा भी शारीरिक परिश्रम करने पर थकावट या कमजोरी महसूस होना। सांस लेते समय सीने में दर्द महसूस होना। बेवजह पसीना बहुत आना। फेफड़ों के अलावा अन्य अंगों में जो टीबी होती है, उनके लक्षण उन्हीं अंगों के अनुरूप होते हैं। जैसे रीढ़ की हड्डी के टीबी से ग्रस्त होने के कारण कमर में दर्द का लगातार बने रहना आदि लक्षण दिख सकते हैं।




**डायग्नोसिस का तरीकाः** फेफड़ों की टीबी का पता करने के लिए व्यक्ति के बलगम की जांच की जाती है। अगर बलगम की जांच से टीबी का पता नहीं चलता, तब स्प्यूटम कल्चर टेस्ट या एएफबी कल्चर नामक टेस्ट कराने का परामर्श दिया जाता है। अनेक मामलों में छाती के एक्स-रे से भी टीबी का पता करने में मदद मिलती है। फेफड़ों के अलावा एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के मामलों जैसे गुर्दों की टीबी के लिए यूरीन कल्चर टेस्ट कराया जाता है। यदि शरीर में गांठ आदि है, तो वहां से फ्लूइड लेकर परीक्षण कराया जाता है। कुछ जटिल मामलों में सीटी स्कैन का परामर्श दिया जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में दर्द की स्थिति में एक्सरे के अलावा एमआरआई जांच भी कराई जाती है आदि।

**ट्रीटमेंट के प्रकारः** आमतौर पर टीबी की मुख्य प्रारंभिक दवाएं-रिफैंपिसिन और आइसोनेक्स हैं, जिनका डॉक्टर की सलाह से नियमित सेवन करने से 6 महीने के अंदर टीबी का मर्ज खत्म हो जाता है। गौरतलब है कि मल्टीड्रग रेजिस्टेंट टीबी और एक्सटेंसिव ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में ये दोनों ही दवाएं अपना असर दिखाना बंद कर देती हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को सेकेंड लाइन ड्रग्स देने की जरूरत पड़ती है।




आमतौर पर ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में मरीज को दवाएं लगभग साल-डेढ़ साल तक दी जाती हैं। लेकिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का इलाज अतीत की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावी और कारगर हो गया है। भारत सरकार ने एमडीआर टीबी के इलाज के लिए एक नई और प्रभावी 6 महीने की कम अवधि वाली उपचार पद्धति को मंजूरी दी है, जिसे 'बीपाल्म रेजिमेन' कहा जाता है। 'बीपाल्म रेजिमेन' चार दवाओं का एक संयोजन है, जो पूरी तरह से ओरल रूप में दी जाती है। इसमें बेडाक्विलिन, प्रीटोमैनिड, लाइनजोलिड, मॉक्सीफ्लोक्सासिन शामिल हैं।

**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है, जो एचआईवी से ग्रस्त हैं, जो लोग डायबिटीज टाइप 2 से ग्रस्त हैं, ऐसे लोग जिनका रोग प्रतिरोधक तंत्र या इम्यून सिस्टम कमजोर हो गया है।

**इन बातों पर दें ध्यानः** जिन लोगों के टीबी के इलाज की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जो लोग टीबी से ठीक हो चुके हैं, उनमें से लगभग 2 से 3% ऐसे लोग हो सकते हैं, जिनमें टीबी के लक्षण दोबारा प्रकट हो सकते हैं। इसे सहज मेडिकल भाषा में टीबी का रिलेप्स होना कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति में दोबारा टीबी के लक्षण प्रकट हों, तो उसे अति शीघ्र अपने डॉक्टर से चेकअप कराना चाहिए और उनके बताए परामर्श पर अमल करना चाहिए। दरअसल, जो पेशेंट टीबी की इलाज प्रक्रिया के दौरान नियमित रूप से दवा नहीं लेते या फिर ऐसे व्यक्ति, जो इलाज की प्रक्रिया को पूरा नहीं करते यानी समय से पहले ही दवाएं बंद कर देते हैं, उनमें टीवी के दोबारा (रिलेप्स) होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से दवाएं लें और इलाज की प्रक्रिया को पूरा करें।

**बढ़ाएं इम्यूनिटीः** जो लोग हेल्दी डाइट नहीं लेते, उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। वास्तव में बड़ी संख्या में लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु होते हैं, लेकिन ये सक्रिय नहीं होते। जब हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल नहीं अपनाते तो व्यक्ति की इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में टीबी के जीवाणु शरीर में सक्रिय हो जाते हैं, जो टीबी रोग का कारण बन सकते हैं। इसलिए टीबी से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपनी डाइट में फलों, सब्जियों, अंकुरित अनाजों और ड्राय फ्रूट्स को वरीयता दें। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**



## टीबी पेशेंट्स की डाइट

**टीबी के** मरीजों को उच्च प्रोटीन युक्त आहार और फलों का सेवन करना चाहिए। जैसे-दूध और दूध से निर्मित उत्पाद-दही, मट्ठा, सोयाबीन, दालें, अंडा, फिश और मीट। फल खासकर विटामिन सी युक्त फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और आंवला आदि। इनके अलावा टीबी के मरीजों के लिए विटामिन डी का विशेष महत्व है। विटामिन डी का कुदरती स्रोत सूर्य की किरणें हैं। इसलिए टीबी के मरीजों को सुबह के वक्त लगभग एक घंटे धूप लेनी चाहिए। धूप लेने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मरीज की रिकवरी जल्दी होती है।




प्रिकॉशन/ **डॉ. माजिद अलीम**

# क्या आप भी करते हैं अकसर लॉन्ग सिटिंग

हम सभी धूम्रपान को स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा मानते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि लगातार कुर्सी पर बैठे रहना भी लगभग उतना ही हानिकारक होता है? हालांकि ऐसा नहीं है कि लगातार बैठे रहने को लेकर यह कोई नया खुलासा हुआ है। हम इस तथ्य को पहले से जानते हैं, हम सब इसके बुरे प्रभावों को जानने के बावजूद हर दिन बिना सोचे समझे यह करते हैं यानी घंटों लगातार बैठे रहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लगातार बैठने को धूम्रपान के समान ही हानिकारक घोषित किया है।



**हृदय रोग की बढ़ती है आशंकाः** पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष लगातार बैठने से हर साल लगभग 32 लाख लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। यह संख्या धूम्रपान से होने वाली मौतों से भी ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल पूरी दुनिया में 17.9 मिलियन लोग हृदय रोग के कारण अपनी जान गंवा बैठते हैं। लगातार बैठना यानी निष्क्रियता की वजह से ही हृदय रोगों को अपने पैर पसारने में आसानी होती है। जागरूक रहकर हम सक्रिय जीवनशैली के द्वारा 80 प्रतिशत तक के हृदय रोगों को रोक सकते हैं।

**लगातार बैठने के नुकसानः** हममें से अधिकतर लोग अगर ऑफिस में काम न भी कर रहे हों, तो भी घंटों कार चलाने के दौरान, टीवी देखने के दौरान, काउच पर आराम करने के दौरान, और तो और कुर्सी पर ही घंटों एक ही मुद्रा में बैठे रहते गैजेट्स में बिजी रहते हैं। लगातार बैठे रहने से हमारी कमर पर लगातार दबाव बढ़ता है। घंटों एक ही मुद्रा में बैठने से या स्क्रीन पर देखने से हमारी गर्दन और कमर पर पड़ने वाला दबाव हमारी निद्रा के पैटर्न को भी बदल देता है। डायबिटीज और मोटापा बढ़ता है। हमारे शरीर की कंज्यूम की गई कैलोरीज की खपत नहीं होती, जिसके कारण मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज और कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती हैं। खराब पॉश्चर के कारण कमर दर्द, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, हाइपरटेंशन, एब्नॉर्मल ब्लड लिपिड प्रोफाइल और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं।

**इन बातों पर करें गौरः** अपने हृदय के स्वास्थ्य के लिए सही डाइट के साथ-साथ गति, ऊर्जा देना भी जरूरी है।

- सिटिंग जॉब के दौरान हर 30 मिनट बैठने के बाद बीच में ब्रेक लें। 15 से 20 मिनट तक खड़े होकर काम करने का प्रयास करें।
- बैठने के दौरान बीच में रुक-रुककर अपने पैरों और कंधों को स्ट्रेच करें, इससे आपको आराम मिलेगा।
- अपनी डेस्क को इस तरह से ऑर्गनाइज करें कि कंधे, गर्दन, पीठ पर काम का दबाव न महसूस हो। *



# वाहन की ठोकर से बाइक चालक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिधौरी से सारंगढ़ मुख्य मार्ग पर ग्राम घटमड़वा के नहर के पास बीते मंगलवार रात करीबन 7.30 बजे को अज्ञात वाहन ने बाइक चालक को जबरदस्त ठोकर मारकर फरार हो गया है। बाईक चालक की सिर कुचलने से मौके पर मौत हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिधौरी से सारंगढ़ भटगांव मुख्य सड़क मार्ग पर तकरीबन 7.30 बजे के आसपास ग्राम घटमडवा के नहर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक चालक तिलकराज केवट अपनी बाईक क्र.सी जी 13 के 3671 को अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार से जबरदस्त



ठोकर मार दी। इससे बाइक चालक की सिर कुचलने से घटना स्थल पर मौत हो गई और अज्ञात वाहन घटना स्थल से फरार हो गया। मृतक तिलकराज केवट पिता लखन केवट 21 वर्ष ग्राम अमलडीहा, टुण्डरी थाना बिलाईगढ़ जिला बिलाईगढ़ सारंगढ़ निवासी है, जो किसी काम से शिवरीनारायण गिधौरी आये हुये थे और वापस अपने गांव अमलडीहा जा रहा था। उसी बीच ग्राम घटमडवा के नहर के बीच हादसा का शिकार हो गया। मृतक की शव को तत्काल एम्बुलेंस से रात को ही कसडोल सामुदायिक केंद्र ले जाया गया। बुधवार सुबह मृतक की शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल घटना की जानकारी गिधौरी को दिया गया है और मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

# जमीन फर्जीवाड़ा मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**अभनपुर।** अभनपुर क्षेत्र से जुड़े जमीन धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जानकारी अनुसार तहसील अभनुर ग्राम पचेड़ा स्थित खसरा नंबर 70, रकबा 1.60 हेक्टेयर जमीन वर्ष 2023-24 के राजस्व अभिलेख में विष्णु प्रसाद मंडल के नाम दर्ज थी। आरोपी नंप.माना का पूर्व पार्षद मनोरंजन मंडल ने फर्जी वंशावली तैयार कर विष्णु प्रसाद मंडल को अपना पिता दर्शाते हुए जमीन का अवैध रूप से अपने नाम नामांतरण करा लिया। इसके बाद आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर जमीन के हिस्से बांटकर अन्य लोगों के नाम भी नामांतरण कराया और धोखाधड़ी कर अवैध लाभ अर्जित किया। जांच में सामने आया कि सभी परिजन को जमीन की वास्तविक स्थिति की जानकारी होने के बावजूद यह कृत्य किया गया। पुलिस ने आरोपी मनोरंजन मंडल उम्र 52 वर्ष, निवासी माना कैम्प, रायपुर को 17 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



# पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाया पति गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** मारपीट एवं प्रताड़ना करने से महिला ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में मर्ग जांच पश्चात पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मामले में महिला ने हताश होकर 28 नवंबर 2024 को जहर सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। महिला सविताबाई निषाद अपने पति पुरूषोत्तम निषाद द्वारा रोज-रोज लड़ाई-झगड़ा से परेशान होकर जीवन जीने की इच्छा समाप्त होने से अपने घर में जहर पीकर अस्पताल में ईलाज के दौरान मृत हो गई।

## छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन
**प्रधान कार्यालय ग्राम-झांझ, सेक्टर-24, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)**

क्रं /3192/ छगवेका / निर्माण / 2025-26 / रायपुर दि- 17.03.2026

**:: अल्पकालीन मैनुअल द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::**

छ.ग. स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन शाखा पण्डरिया मोहतरा जिला कबीरधाम स्थित 7200 मे0टन क्षमता गोदाम परिसर में 60 मे0टन क्षमता धर्मकांटा के फाउण्डेशन वेब्रिज केबिन निर्माण कार्य हेतु जिन ठेकेदारों के पास शासकीय मैनुफेक्चरिंग लाईसेंस, मरम्मत लाईसेंस एवं कम से कम 03 धर्मकांटा स्थापित करने का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से दिनांक 02.04.2026 को शाम 5.00 बजे तक बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | अमानती राशि | कार्य पूर्ण करने हेतु निर्धारित समयावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शाखा पण्डरिया मोहतरा जिला कबीरधाम स्थित 7200 मे.टन क्षमता (काली मिट्टी) गोदाम परिसर में 60 मे.टन क्षमता धर्मकांटा के फाउण्डेशन, वेब्रिज केबिन, एवं रैम्प व एप्रोच रोड (सी.सी. रोड) निर्माण कार्य | 7.55 लाख | 8000.00 | 60 दिवस | निगम में प्रचलित ड्राईंग अनुसार टर्नकी वेसिस पर |

1. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथी एवं समय - 01/04/2026 समय 12.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथी - 01/04/2026 समय 2.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय - 02/04/2026 समय 2.00 बजे तक
4. निविदा खोले जाने तिथी एवं समय - 02/04/2026 समय 03.00 बजे तक
5. निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 500.00 (नगद सभी टैक्स सहित)।

**कार्यपालन अभियंता**
**छ.ग.स्टेट वेयरहाउसिंग कर्पोरेशन मुख्यालय रायपुर**

S-47226/1

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
## शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 187256 /निविदा सूचना क्र. 11/ व.ले.लि. / 2025-26
दुर्ग, दिनांक 17.03.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 06.04.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नामः-** **मरोदा जलाशय क्रमांक 02 में भरदा कोनारी एनीकट से जल आपूर्ति के कार्य अन्तर्गत (डिजोजिट मद) ग्राम चंदखुरी में भरदा कोनारी एनीकट के समीप नवीन पम्प हाऊस हेतु नयी 33 के व्ही लाईन बिछाने का कार्य, 132/33 के. व्ही. पुलगांव सब स्टेशन से 33/6.6 के. व्ही. सब स्टेशन तक (आपूर्ति स्थापना परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्य)**

**अनुमानित लागत :- रूपये 120.71 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 24.03.2026 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोटः-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग (छ.ग.)**
**कृते - अधीक्षण अभियंता**
**शिवनाथ मण्डल दुर्ग (छ.ग.)**

G-252607252/2

## कार्यालय मुख्य अभियंता,
## लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक 17.03.2026

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आईडी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10/CE/NH/TC/44-08/2026 (1ST Call) | 2025 MoRTH _902759 _1 | SHORT TERM MAINTENANCE CONTRACT (STMC) OF ROAD FROM KM 130.000 TO 162.670 & KM 170.800 TO KM 180.000 (KANKER-BEDMA SECTION) OF NH-30. | Rs. 458.843 Lakhs |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 06.04.2026 समय शाम 17.30 बजे तक।**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H'S) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

**मुख्य अभियंता**
**लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

G-252607245/4

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम तरसींवा निवासी गोपीराम निर्मलकर पिता जगनुराम उम्र 24 वर्ष पिकअप चलाने का काम करता था। मंगलवार की दोपहर युवक घर से लगभग सौ मीटर की दूरी पर स्थित खेत में जाकर आम पेड़ में नायलोन रस्सी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने अर्जुनी पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

# शराब के साथ एक गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु परिवहन करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी से 9 बल्क लीटर देशी शराब एवं एक एक्टिवा वाहन जप्त किया गया है।1 गिरफ्तार आरोपी राधेश्याम निषाद पिता मोहन निषाद बुधवारीपारा निवासी है जिसे प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुमन जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ ने 17 मार्च को गिरफ्तार किया। अछोली नाला पुलिया के पास आरोपी राधेश्याम निषाद के कब्जे से 50 पौवा देशी शराब बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# बुजुर्ग ने फांसी लगाई

**कांकेर।** हल्बा चौकी अंतर्गत कुम्हारपारा हल्बा निवासी 62 वर्षीय बिहारी राम पडोटी पिता स्व. प्रताप ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि 16 से 17 मार्च के बीच मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# क्रूरतापूर्वक पशुओं का परिवहन करते तीन आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** बिना चारापानी के क्रूरतापूर्वक पशुओं का परिवहन कर रहे तीन आरोपियों को अर्जुनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.20 लाख रुपए कीमत के चार बैल को जब्त किया है।अर्जुनी थाना को मुखबिर से ग्राम कोलियारी स्थित सेठिया फार्म के पास कुछ व्यक्तियों के द्वारा पशुओं का अवैध रूप से बिना चारा पानी के रस्सियों से बांधकर क्रूरतापूर्वक परिवहन किए जाने की सूचना मिली। प्राप्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए टीम तत्काल मौके पर पहुंची जहां तीन आरोपियों को 4 नग बैल को अमानवीय तरीके से ले जाते हुए पाया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 1 लाख 20 हजार रुपए कीमत के चार बैल को सुरक्षित जब्त किया। पुलिस ने आरोपी भीखम यादव पिता बनवाली उम्र 45 वर्ष ग्राम दर्री थाना अर्जुनी, थानसिंह साहू पिता नवल उम्र 51 वर्ष ग्राम डबरी थाना पुरुर जिला बालोद व डम्मन साहू पिता बिसाली उम्र 52 वर्ष ग्राम कलारतराई थाना अर्जुनी निवासी को गिरफ्तार किया।

## गव्य विकास निदेशालय
## (कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)
## झारखण्ड, राँची

गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत दुधारू गाय/भैंस के आपूर्त्ति के लिए एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था/कम्पनी/आपूर्त्तिकर्त्ता के चयन–सह–सूचीबद्ध करने हेतु

**''इच्छा की अभिव्यक्ति'' का आमंत्रण**

विभागीय राज्यादेश– 17 रा० (वि०) दिनांक–26.08.2025 में निर्दिष्ट प्रावधानों के तहत् राज्य के सभी जिलों में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू गाय/भैंस वितरण का कार्य किया जा रहा है। इस योजना हेतु निर्धारित जिलावार लक्ष्य के अनुरूप संकर/उन्नत नस्ल के दुधारू गाय/भैंस की आपूर्ति करने के लिए इच्छुक दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ताओं/विक्रेताओं/व्यापारियों से संलग्न परिशिष्ट के वर्णित प्रारूप में आवेदन की मांग की जाती है :–

| | |
|---|---|
| 1. कार्य | दुधारू गाय/भैंस वितरण योजना अंतर्गत संकर/उन्नत नस्ल के दुधारू गाय/भैंस की आपूर्ति |
| 2. कार्यक्षेत्र | सभी जिला, झारखण्ड राज्य |
| 3. लक्ष्य | विभागीय राज्यादेश– 17 रा० (वि०) दिनांक–26.08.2025 के तहत् दुधारू गाय/भैंस वितरण हेतु निर्धारित जिलावार लक्ष्य का कुल योग |
| 4. आवेदन मूल्य | ₹1000/– (एक हजार रूपये) का Non-refundable बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक से) सहायक निदेशक (गव्य), गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची के नाम से एवं देय– राँची (In Favour of Assistant Director (Dairy), Directorate of Dairy Development, Ranchi & Payable at Ranchi) |
| 5. दस्तावेज प्राप्त करने की प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि | प्रारंभिक तिथि – 20.03.2026<br>अंतिम तिथि – 10.04.2026 |
| 6. आवेदन खोलने की तिथि | 13.04.2026 |
| 7. आवेदन पत्र एवं संबंधित अन्य प्रपत्र प्राप्त करने हेतु कार्यालय का पता | गव्य विकास निदेशालय, सेक्टर–2, धुर्वा, राँची– 834004 तथा सभी जिला गव्य विकास कार्यालय, झारखण्ड राज्य। |
| 8. निविदा प्रपत्र जमा करने हेतु कार्यालय का पता | निदेशक, गव्य, गव्य विकास निदेशालय, सेक्टर–2, धुर्वा, राँची– 834004 इच्छुक एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था/कम्पनी/आपूर्त्तिकर्त्ता द्वारा उपरोक्त पते पर कार्यालय अवधि में हाथों–हाथ अथवा भारतीय डाक के माध्यम से जमा किया जा सकता है। विलम्ब से पहुँचे आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। |
| 9. सम्पर्क संख्या | 9279042890/8507739859 |

नये दुधारू पशु आपूर्तिकर्ताओं के सूचीबद्धता हेतु निम्नवत् न्यूनतम अहर्त्ता, शर्तें एवं जाँच बिन्दु (साक्ष्य/प्रमाणक) निम्नवत्त है :–

1. भारत देश के स्थायी नागरिक हो।
2. न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।
3. साक्षर/पढ़ने लिखने में सक्षम हो।
4. आयकर में निबंधन (पैन कार्ड की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा)।
5. विगत वित्तीय वर्ष 2024–25 का आयकर रिटर्न। इससे संबंधित Acknowledgment आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. आवेदक के पास कम से कम 50 (पचास) दुधारू पशु (गाय/भैंस) क्रय करने की सक्षमता को ध्यान में रखते हुए आवेदक के पास दुधारू पशुओं एवं पशु उत्पाद से संबंधित क्रय–विक्रय साक्ष्य के लिए विगत वित्तीय वर्ष 2024–25 का कम से कम 30,00,000/– रू० (तीस लाख रू०) का टर्न ओवर होना चाहिए। इससे संबंधित साक्ष्य आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. किसी भी संस्थान से दुधारू पशुओं से संबंधित प्रशिक्षण होना चाहिए एवं उससे संबंधित प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।।
8. आपूर्तिकर्ताओं को सूचीबद्ध करने में Animal Breeders एवं Breeding Farms को विशेष रूप से प्राथमिकता दी जाएगी।
9. न्यूनतम 10 डिसिमल स्थल/भूखण्ड (खुद के नाम पर/वंशावली के साथ सहमति पत्र/भू–स्वामी के साथ नोटरी अनुबंध) उपलब्ध हो।
10. गो–वंशीय पशुओं के लिए शेड की संरचना वैज्ञानिक नियामक के करीब हो, जो कम से कम 50 दुधारू पशुओं हेतु 3000 SqFt (तीन हजार वर्ग फीट) एवं अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर हो, जिसमें वयस्क नर, वयस्क मादा एवं बाछा/बाछी के लिए अलग–अलग कमरे होने चाहिए तथा शेड में कम से कम 25 दुधारू पशु होनी चाहिए। उत्तम पशु प्रबंधन (नाद, भोजनादि, जल निकास प्रणाली, गाभिन पशुओं का देखभाल इत्यादि) की व्यवस्था हो। बीमार पशुओं के लिए अलग से कमरे होने चाहिए।
11. शेड का निम्नवत् जियोटैग फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा :–
    i. आवेदक के साथ शेड के अन्दर एवं बाहर का फोटोग्राफ।
    ii. आवेदक के साथ प्रत्येक दुधारू पशु के साथ फोटोग्राफ।
    iii. शेड का सभी दिशाओं से ली गई फोटोग्राफ।
12. सूचीबद्ध पशु आपूर्तिकर्ताओं के प्रक्षेत्र का भूखण्ड एवं शेड की जाँच संयोगिक आधार पर समय–समय पर निदेशालय स्तर के पदाधिकारियों द्वारा संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी की उपस्थिति में की जाएगी।
13. यदि आवेदन के साथ संलग्न जियोटैग फोटोग्राफ एवं भूखण्ड की विवरणी जाँचोपरांत गलत पाया गया तो पशु आपूर्तिकर्ता की सूचीबद्धता तुरंत प्रभाव से समाप्त करते हुए उनके ऊपर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
14. आवेदक दुधारू पशु आपूर्ति हेतु पाँच जिला का नाम देंगे जिसमें से अधिकतम तीन जिला उन्हें आवंटित की जाएगी।
15. सूचीबद्ध दुधारू पशु आपूर्तिकर्ताओं की वैधता उनके संतोषजनक प्रदर्शन/कार्य के आधार पर तीन वर्षों की होगी।
16. संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा दिए गए कार्यादेश के आलोक में आपके द्वारा आपूर्ति नहीं किये जाने की स्थिति में आपकी सूचीबद्धता तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दी जाएगी।
17. दुधारू पशु आपूर्तिकर्ताओं के द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न विहित प्रपत्र में संगरोध, टीकाकरण (H.S., B.Q. एवं FMD) इत्यादि किए जाने संबंधी स्वघोषणा पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं व्यवहृत खर्च आपूर्तिकर्ता को स्वयं वहन करना होगा।
18. आवेदन पत्र के साथ सहायक निदेशक (गव्य), गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची [Assistant Director (Dairy), Directorate of Dairy Development, Jharkhand, Ranchi] के नाम से 1000/– रू० (एक हजार रू०) का बैंक ड्राफ्ट निबंधन शुल्क के रूप में देय होगा, जो Non-Refundable होगा।
19. आपूर्तिकर्ता को निम्नवत् आशय का एक नोटोराईज्ड शपथ पत्र देना होगा :–
    i. उनके एवं उनके संस्था (सदस्यों/पदाधिकारियों सहित) के विरूद्ध कोई अपराधिक मामला भारत देश के किसी भी थाना एवं न्यायालय में दर्ज नहीं है।
    ii. उनके एवं उनके संस्था (सदस्यों/पदाधिकारियों सहित) का नाम भारत देश के किसी भी कार्यालय/संस्था/बोर्ड/उपक्रम के द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं की गई है।
    iii. उनके एवं उनके संस्था (सदस्यों/पदाधिकारियों सहित) का भारत देश के किसी भी वित्तीय संस्था/अन्य संस्था अथवा किसी व्यक्ति से कोई भी वित्तीय लेन–देन बकाया नहीं है।
    iv. आपूर्तिकर्ता द्वारा वर्णित कार्य किसी अन्य एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था अथवा किसी अन्य व्यक्ति को सबलेट नहीं किया जाएगा।
    v. उनके द्वारा दी जाने वाली सभी जानकारी सही है।
20. राज्य में संचालित 'मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना' अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच विभागीय राज्यादेश में निर्दिष्ट प्रावधानों के तहत ही दुधारू पशुओं (गाय/भैंस) का वितरण का कार्य किया जाएगा।
21. आपूर्तिकर्ता अधिकतम दूसरे ब्यांत की संकर/उन्नत नस्ल के दुधारू पशु, जिनकी न्यूनतम दूध उत्पादन क्षमता 08 लीटर (गाय) अथवा 5 लीटर (भैंस) प्रतिदिन हो, के आपूर्ति को बाध्य होंगे।
22. राज्य/प्रमण्डल/जिला/प्रखण्ड स्तर पर आयोजित पशु मेला में आवश्यकतानुसार प्रतिभागिता तय की जाएगी। मेलों में लाये गये दुधारू पशुओं का विभागीय पशु चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण के पश्चात् लाभुकों द्वारा लगातार तीन पाली में दूध की दूहाई उपरांत प्रतिदिन दूध उत्पादन क्षमता के आधार पर (गाय@₹4000/- एवं भैंस@₹10,000/- प्रति लीटर दूध उत्पादन) लाभुक तथा विक्रेता के बीच आपसी सहमति से निर्धारित मूल्य के अनुरूप क्रय–विक्रय किया जाएगा।
23. आपूर्तिकर्ता के द्वारा अपने बिक्री स्थल पर पशुओं के पीने का पानी, नाद व खाद्य सामग्री आदि की व्यवस्था स्वयं के स्तर से करना अनिवार्य होगा।
24. प्रत्येक माह में किए गए भौतिक उपलब्धि संबंधी प्रतिवेदन को संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, साथ ही, उसकी प्रति गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची के ई–मेल (dairydevelopmentjharkhand@gmail.com) पर भी भेजना अनिवार्य होगा।
25. यदि किसी पशु आपूर्तिकर्ताओं द्वारा संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी के साथ अनुशासनहीन बर्ताव किया जायेगा तो उनकी सूचीबद्धता समाप्त करते हुए उन्हें काली सूची में डाल दी जाएगी।
26. निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची बिना कारण बताए प्रकाशित "इच्छा की अभिव्यक्ति" रद्द करने हेतु स्वतंत्र होंगे एवं न्यायालय से संबंधी कार्य संबंधित जिले के न्यायालय स्तर से निबटारा किए जाने का अधिकार होगा।
27. सभी प्रकार के अभिलेख/दस्तावेज को Spiral binding एवं पृष्ठांकन (पेजिंग) व Indexing किया हुआ होना चाहिए अन्यथा उक्त दस्तावेज स्वीकार योग्य नहीं समझा जाएगा। सभी दस्तावेज पर स्वयं का हस्ताक्षर होना अनिवार्य होगा।
28. वांछित दस्तावेज आवेदन के साथ संलग्न नहीं रहने पर उस आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा पुनः दस्तावेज जमा करने की अनुमति नहीं होगी।
